दिन– मंगलवार दिनांक– 08 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। अब तक के परिणामों और रूझानों के अनुसार हरियाणा में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करने जा रही है। पार्टी को चार सीटों पर जीत मिल चुकी है और चौवालीस पर आगे है। वहीं, कांग्रेस ने नौ सीटों पर जीत हासिल की है और सत्ताईस पर आगे चल रही है। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। गठबंधन ने तेईस सीटों पर जीत हासिल की है और चौबीस पर आगे है। वहीं भाजपा को चौदह सीटों पर जीत मिली है और पन्द्रह पर बढ़त बनाये हुये है।

———————————————————

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने आज गया में भारत लैब की तर्ज पर विकसित 'बिहार जेन नेक्स्ट लैब का उद्‌घाटन किया। इस लैब में बिहार जेन नेक्स्ट पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से किए गए कार्यों और इससे संबंधित आंकड़े उपलब्ध होंगे। इसके माध्यम से किसी भी विभाग से संबंधित जानकारी एक क्लिक के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। श्री सुब्रमण्यम गया में डेटा ड्रीवन गवर्नेंस पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में उन्नीस राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

———————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि राजधानी पटना में मेट्रो परियोजना के पहले चरण का कार्य दो हजार छब्बीस से पहले पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। श्री नवीन ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मेट्रो रेल परियोजना को लेकर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के लिए सिविल वर्क्स से संबंधित सभी टेंडर जारी किये जा चुके हैं। पटना मेट्रो रेल के पहले चरण में इकतीस किलोमीटर से अधिक लंबी रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना में राज्य सरकार और केंद्र सरकार की बीस –बीस प्रतिशत भागीदारी है। जबकि साठ प्रतिशत भागीदारी जापान इंटरनेशनल को ऑपरेशन एजेंसी – जिका की है।

———————————————————

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत देदौर गांव में अनुसूचित जाति की एक बस्ती में आग लगाये जाने के आरोप में पुलिस ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि इस मामले मे अब तक तीस आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

———————————————————————

राज्य से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज, सीवान, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर जिले से मॉनसून वापस लौट गया है। विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों में पूरे राज्य से मॉनसून की वापसी हो जायेगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका के रजौन में सबसे अधिक सत्तासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं, बिहारशरीफ में इकहत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई और बांका जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की सम्भावना है।

———————————————————————

सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। पटना के जे.पी. गोलम्बर के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पटना के कदमकुआं स्थित जयप्रकाश नारायण के आवास, चरखा समिति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के छठे दिन आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के कात्यायनी स्वरूप की आराधना से रोग, शोक और संताप का हरण होता है। बांगला पद्धति के अनुसार पूजा वाले स्थानों पर मां भगवती का पट आज खुल जायेगा। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में माहौल भक्तिमय हो गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।